हार के आया सांवरे | by Kunwar Deepak

हार के आया सांवरे पकड़ लो मेरा हाथ
कुछ और नहीं मैं चहुँ बस देदो अपना साथ
हार के आया सांवरे ....

देख लिया है ये जग सारा कोई नहीं मेरा अपना
दिल से जिसे भी अपना माना तोड़ गया वो ही सपना
टूटे इस दिल को बाबा तुम रख लो अपने पास
हार के आया सांवरे ....

झूठे जग के साथी सारे मिलता सच्चा यार नहीं
झूठी आस दिखाते सारे बिन स्वारथ यहाँ प्यार नहीं
तूने ही आके निभ्भया जब जब भी बिगड़ी बात
हार के आया सांवरे ....

तेरी कृपा से ही सांवरिया मेरा ये परिवार पले
करने वाले आप कन्हैया मेरा ये संसार चले
बस यूँ ही बनाये रखना ये प्रेम की सौगात
हार के आया सांवरे ....

तेरे चरणों की धूलि बाबा ये ही मेरी दौलत है
जो कुछ भी है पास में मेरे सब कुछ तेरी बदौलत है
चरणों से लगा के रखना मुझको यूँ ही दिन रात
हार के आया सांवरे ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-kunwar-deepak/